अमर उजाला 30/03/2023

# गांधी जी के नैतिक मूल्य अपना सफल बनाएं जीवन : सैनी

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के इतिहास विभाग व गांधी स्टडी सेंटर ने एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। यह संगोष्ठी उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित रही। इसका विषय भारत के निर्माण में महात्मा गांधी की भूमिका रहा। मुख्य वक्ता प्रो. अमरजीत सिंह भारत के जाने-माने इतिहासकार व प्रोफेसर इतिहास विभाग और भूतपूर्व डीन, सोशल साइंसेज, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र रहे। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. धर्मवीर सैनी ने कहा कि इस सेमिनार को कराने का उद्देश्य आज के युवा वर्ग में महात्मा गांधी के प्रति समझ पैदा करना है। उनका कहना है कि विद्यार्थी भी महात्मा गांधी के नैतिक मूल्यों को अपना कर अपने जीवन को सफल बना सकते हैं।

**भारत के निर्माण में गांधी जी की भूमिका विषय पर हुई संगोष्ठी**

इस सेमिनार के माध्यम से गांधी जी पर हो रहे नए-नए शोध कार्यों को भी जाना। कार्यक्रम की शुरुआत में जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के ही मुख्य नेता नहीं थे, बल्कि उनकी प्रेरणा से ही दुनिया में अंग्रेजी राज के खिलाफ चल रहे आंदोलनों को प्रेरणा मिली थी। सभी ने उसमें सफलता प्राप्त की थी।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर अमरजीत सिंह ने अपने भाषण में बताया कि महात्मा गांधी भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के एक ऐसे नेता थे जिन्होंने उस ब्रिटिश राज की जड़ों को पूरी तरह से हिला दिया था जिसका विश्व में कभी सूरज अस्त नहीं होता था। संवाद